# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 53वीं बैठक की कार्यवृत्त।

दिनांक 30.12.2019

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522 2307592, 2307542 4004523 फैक्स: 0522 4013560

Scanned by CamScanner

## उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 30.12.2019 को सम्पन्न हुई 53वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने भाग लिया :–**

1. श्री अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –अध्यक्ष
2. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सदस्य/सचिव
3. श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा, अपर निदेशक कोषागार, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन, (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग) –सदस्य
4. श्री अनिल कुमार, उप सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास) –सदस्य
5. श्री राज कुमार, अधिशासी अभियन्ता, आवास बन्धु (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन) –सदस्य
6. श्री अभय कुमार, संयुक्त सचिव, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण) –सदस्य
7. श्री राजकमल सिंह, प्रबन्धक (सिविल), उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 कानपुर। (प्रतिनिधि प्रबन्ध निदेशक) –सदस्य

**विशेष आमंत्रीः–**

1. श्री विश्वजीत राय, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक, यूपीडा।
2. श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
3. डा0 अरविन्द भारती, रक्षा विशेषज्ञ (डिफेन्स कॉरिडोर) यूपीडा।
4. श्री विश्व दीपक, मुख्य महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
5. श्री जे0पी0 सिंह, सलाहकार (भू–अर्जन), यूपीडा।
6. श्री रवीन्द्र गोडबोले, नोडल अधिकारी (आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे), यूपीडा।
7. श्री ओ0पी0 पाठक, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
8. श्री चुनकू राम पटेल, विशेष कार्याधिकारी (बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे), यूपीडा।
9. श्री डी0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
10. श्री के0के0 गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार (वित्तीय संस्थाए), यूपीडा।
11. श्री अनूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
12. श्री किशोर पाण्डेय, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
13. श्री एन0एन0 श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
14. श्री आर0बी0 शर्मा, वरिष्ठ परामर्शी डिफेन्स कॉरिडोर, यूपीडा।
15. कर्नल के0एस0 त्यागी, वरिष्ठ परामर्शी डिफेन्स कॉरिडोर, यूपीडा।
16. श्री बी0बी0 सिंह, परामर्शी डिफेन्स कॉरिडोर, यूपीडा।
17. डा0 अखलाख हुसैन, प्रबन्धक (पर्यावरण), यूपीडा
18. श्री दुर्गेश उपाध्याय, मीडिया सलाहकार, यूपीडा।
19. श्री शरद तिवारी, विधि सलाहकार, यूपीडा।

Scanned by CamScanner

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों का 53वीं निदेशक मण्डल की बैठक में स्वागत किया गया एवं सदस्यों की अनुमति से एजेण्डा नोट पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गई:—

**एजेण्डा बिन्दु—01:—** **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 13.12.2019 सम्पन्न हुई 52वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गया:—**

**कार्यवाही / निर्णय:—** निदेशक मण्डल द्वारा 52वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**एजेण्डा बिन्दु—02:—** **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 13.12.2019 को सम्पन्न 52वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया:—**

**कार्यवाही / निर्णय:—** निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 13.12.2019 को सम्पन्न हुई 52वीं बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

**एज़ेण्डा बिन्दु—03:—** **आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज—05 के कॉन्ट्रैक्टर (लारसन एण्ड ट्रबों) के विवादित भुगतान दावों के परीक्षण एवं निर्णय हेतु Arbitrator नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्रदत स्वीकृत के कम में तैनात Arbitrator के नाम का अनुमोदन।**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि शासन के पत्र संख्या 2568 / 77—3—19—149(एम) / 19 दिनांक 18.12.2019 द्वारा आगरा—लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज—05 के कान्ट्रेक्टर एल0एण्ड0टी0 के विवादित भुगतान दावों के परीक्षण एवं निर्णय हेतु आरबिट्रियल पैनल में प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में यूपीडा अपनी आवश्यकतानुसार सुसंगत नियमों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, के अनुपालन में यूपीडा में गठित समिति द्वारा पैनल में उल्लेखित 04 सदस्यों में से न्याय मूर्ति ए0के0 श्रीवास्तव के तैनाती पर निर्णय लिया गया। उक्त पर निदेशक मण्डल द्वारा सहमति व्यक्त करते हुये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**एजेण्डा बिन्दु—04:—** **यूपीडा में डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना में वरिष्ठ अधिकारियों के लखनऊ मुख्यालय पर रहने की व्यवस्था हेतु गेस्ट हाउस किराये पर लिये जाने के सम्बन्ध में।**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा उपरोक्त से सहमत होते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**एजेण्डा बिन्दु—05:—** **उत्तर प्रदेश डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के अन्तर्गत औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रस्तावित गाइडलाईन का अनुमोदन :—**

**कार्यवाही / निर्णय** उत्तर प्रदेश डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के अन्तर्गत औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रस्तावित गाइडलाईन यूपीडा निदेशक मण्डल की बैठक दिनांक 13.12.2019 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में यूपीडा की वेबसाइट पर दिनांक 18.12.2019 को सर्वजन सूचनार्थ अपलोड कर दी गई थी एवं दिनांक 26.12.2019 तक सुझाव / परामर्श आमंत्रित किये गये थे साथ ही गाइडलाईन

Scanned by CamScanner

सभी निवेशकों को ई0मेल0 द्वारा इस अनुरोध के साथ प्रेषित की गई थी, कि वे गाइडलाईन को देख लें, एवं अपने सुझाव एवं परामर्श दिनांक 26.12.2019 तक यूपीडा मुख्यालय पर उपलब्ध करा दें। उक्त के कम में औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रस्तावित गाइडलाईन पर निम्नलिखित तीन संस्थाओं द्वारा सुझाव उपलब्ध कराया गया है :–

1- M/S Sri Hans Energy Systems (P) Ltd., Kanpur (F/A)
2- Federation of Innovative Manufacturers, Aligarh (F/B)
3- Mr. Deepak Shrivastava, Lucknow (F/C)

उपरोक्त तीनों संस्थाओं द्वारा प्राप्त सुझाव पर साम्यक विचारोपरान्त उनके कुछ सुझावों को औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रस्तावित गाइडलाईन में समाहित करते हुये "औद्योगिक भूमि आवंटन गाइडलाईन" को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था। उक्त पर सम्यक विचारोपरान्त निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया एवं यह परामर्श दिया गया, कि औद्योगिक भूमि आवंटन नियमावली की समय–समय पर समीक्षा करते हुये उसमें व्यवहारिक संशोधन किया जाना कार्यहित में होगा।

**एजेण्डा बिन्दु–06:–** <u>मा0 उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में प्रचलित वादों के विवरण अद्यतन स्थिति दिनांक 23.12.219 तक संलग्न 1 पर स्थापित एवं यूपीडा में मा0 उच्च न्यायालय में योजित वादों के संक्षिप्त विवरण :–</u>

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ में 03 वादों एवं मा0 उच्च न्यायालय इलाहबाद 03 वादों में अभी शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जा सके है। यूपीडा के विधि परामर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि वादों से सम्बन्धित अभिलेख यूपीडा के नामित अधिवक्ता को शपथ पत्र तैयार करने हेतु उपलब्ध करा दिये गये है एवं शीघ्र ही मा0 उच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया जायेगा। निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही पर संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–07:–** <u>अधिष्ठान एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्यो का अनुमोदन:–</u>

1. <u>संविदा पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा विस्तार का अनुमोदन प्राप्त किया जाना:–</u>

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन के आधार पर संविदा पर कार्यरत निम्नवत् अधिकारियों / कर्मचारियों का प्राधिकरण के कार्यहित में सेवा विस्तार किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की बोर्ड बैठक में प्राप्त किया जाना हैः–

| क्र0 सं0 | नाम अधिकारी / कर्मचारी | पदनाम | पूर्व नियुक्ति समाप्त की तिथि | सेवा विस्तार अवधि | सेवा विस्तार की अन्तिम तिथि | यूपीडा आदेश संख्या / तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी के पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा यूपीडा में भविष्य में इनके कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत समीक्षा करते हुए सेवा विस्तार किया गया। |
| 1. | श्री घुनकू राम पटेल | विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन) | 05.12.2019 | 06 माह | 03.06.2020 | 5902 / यूपीडा / 1229 / 18 / अधि0 दिनांक 05.12.2019 | – तदैव– |
| 2. | श्री राम औतार सिंह | वरिष्ठ प्रबन्धक (वन) | 17.01.2020 | 06 माह | 17.07.2020 | 6025 / यूपीडा / 1345 / 19 / अधि0 दिनांक 10.12.2019 | – तदैव– |

Scanned by CamScanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 06.12.2019 | 06 माह | 06.06.2020 | 6047 / यूपीडा / 1315 / 19 / अधि0 दिनांक 10.12.2019 | – तदैव– |
| 4. | श्री देवेन्द्र नाथ पाण्डेय | सहायक राजस्व अधिकारी | 14.01.2020 | 06 माह | 14.07.2020 | 6209 / यूपीडा / 1193 / 19 / अधि0 दिनांक 17.12.2019 | – तदैव– |
| 5. | श्री गोपाल सिंह रावत | वैयक्तिक सहायक | 20.12.2019 | 06 माह | 20.06.2020 | 6211 / यूपीडा / 939 / 18 / अधि0 दिनांक 17.12.2019 | – तदैव– |
| 6. | श्री अंकित भारद्वाज | सहायक प्रबन्धक (वित्त) | 30.12.2019 | 06 माह | 25.06.2020 | 6210 / यूपीडा / 747 / 17 / अधि0 दिनांक 17.12.2019 | – तदैव– |

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

**एजेण्डा बिन्दु–08:–** **'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे परियोजना' में 'एडवान्स मैनेजमेन्ट ट्रैफिक सिस्टम' (ए0टी0एम0एस0) को ईपीसी पद्धति पर लगाने तथा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना' पर वाहनों से टोल फीस की वसूली तथा टोल प्लाजा के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेन्सियों के चयनित किये जाने हेतु परामर्शी को नियुक्त करने हेतु ड्राफ्ट 'टर्म्स आफ रेफरेन्स' पर यूपीडा के निदेशक मण्डल के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के परियोजना में 'एडवान्स मैनेजमेन्ट ट्रैफिक सिस्टम' (ए0टी0एम0एस0) को ईपीसी पद्धति पर लगाने तथा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना' पर वाहनों से टोल फीस की वसूली तथा टोल प्लाजा के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेन्सियों के चयनित किये जाने के परियोजन हेतु प्रस्तुत 'टर्म्स आफ रेफरेन्स' पर अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही अपेक्षा की गई कि यह रणनिति अपनाई जाये कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रारम्भ होने के साथ ही टोल प्लाजा भी स्थापित कर प्रारम्भ किया जायें।

अंत में उप मुख्य कर्यपालक अधिकारी द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापित के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 30.12.2019 को सम्पन्न हुई 53वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 31.12.2019 को अनुमोदित किये गये हैं।

(श्रीश चन्द्र वर्मा)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Scanned by CamScanner